# उन्नाव, प्रयागराज, झूंसी और अलीगढ़ बनेंगे विशेष निवेश क्षेत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश को वन ट्रिलियन डालर इकॉनमी बनाने के मिशन में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का उल्लेखनीय योगदान सामने आया है। इसी के साथ आगामी वर्ष 2025-26 में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से 1.25 लाख करोड़ के सकल मूल्य वर्धन के लिए 3 लाख करोड़ रुपये के निवेश की जरूरत व्यक्त की गई है। इस दिशा में प्रदेश में नई इकाईयों की स्थापना और एफडीआई आकर्षित करने पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही प्रदेश के लिए लैण्ड बैंक और रॉ मटेरियल बैंक बनाने के साथ अलीगढ़, उन्नाव, प्रयागराज और झूंसी को विशेष निवेश क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

इनवेस्ट यूपी 2.0 की समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2024-25 में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर ने 2.81 लाख करोड़ रुपये का योगदान किया है। जो वर्ष 2024-25 के लक्षित योगदान का लगभग 77 प्रतिशत है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में इनवेस्ट यूपी 2.0 के तहत प्रदेश में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिये बनाये गये निवेश फ्रेंडली माहौल में कई नई मैन्युफैक्चरिंग इकाईयां स्थापित हुई हैं।